मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर– 342003

दिनांक: 28 अगस्त 2015

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	28/08/15	29/08/15	30/08/15	31/08/15	01/09/15
वर्षा (मि.मी.)	0	0	1	1	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	35	35	34	35	35
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	27	27	26	26	27
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	3	3	5	4	2
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	73	70	76	78	72
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	35	36	33	38	36
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	9	10	13	12	11
हवा की दिशा	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम	दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाह:

बाजरा की फसल में अरगट रोग के नियंत्रण हेतु सिट्टे निकलते समय ढाई किलो जाईनेब 80 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. या डेढ से 2 किलो मेंकोजेब 75 प्रतिशत डब्ल्यू.पी. का 3–3 दिन के अन्तराल पर छिड़काव करें।

इस मौसम में ग्वार में शाकाणु झुलसा रोग का प्रकोप होने की संभावना है इसके लिए एक ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन का 10 लीटर पानी के घोल का छिड़काव करें। इसी प्रकार ग्वार मे मोयला, सफेद मक्खी व हरा तेला का प्रकोप होने पर मोनोक्रोटोफॉस 36 प्रतिशत एस.एल. या डायमिथोएट 30 ई.सी. एक लीटर दवा छिड़काव करें अथवा मैलाथियान 5 प्रतिशत चूर्ण 25 किलो प्रति हैक्टर भुरकाव करें।

फलदार पेड़ों में पानी देवें तथा दीमक से बचाव के लिये डरमेट दवाई का पानी का घोल बनाकर उचित मात्रा में सिंचाई के साथ देवें तथा चूसने व काटकर खाने वाले कीड़ो के लिये मैलाथियान का छिड़काव करें।

पशु एवं पशुशाला को बाह्य परजीवियों से मुक्त रखने के लिये कीटनाशक दवा का छिड़काव करें। प्रभावित पशुओं पर ब्यूटोक्स 2 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी में मिलाकर छिड़काव करें। गौशाला में ब्यूटोक्स दवा का 4 मिलीलीटर प्रति लीटर पानी के हिसाब से छिड़काव करें। 21 दिन बाद इस छिड़काव को दोहराएं।

ब्याने वाले पशुओं का विशेष ध्यान रखें व अलग बाड़े में रहने की व्यवस्था करें। पशु बाड़े में कीटनाशक का छिड़काव करें ताकि पशु रोग न फैलें।

(नौडल ऑफीसर)